ॐ ॐ ॐ ॐ ॐ ॐ ॐ ॐ
**जीवन की कड़वी सच्चाई**
औरत तब तक बूढ़ी नहीं होती जब तक उसका सुहाग जीवित रहता है, पुरूष तब तक बूढ़ा नही होता जब तक उसकी पत्नी जीवित रहती है, एक के बिछड़ते ही दूसरा बूढ़ा होना शुरू हो जाता है,

सत्यमेव जयते

# स्वर्ण प्रतिनिधि

Posting at Jodhpur RMS
Postal Regd. No. Jodhpur/378/2019-21
Posting Date Every Month 4/5 & 19/20

RNI No. RAJHIN/2013/49136
सम्पादक- रामरतन सोनी
मो. - 09414133641
मनिहारों की हवेली के पास, भिश्तियों का बास, जोधपुर (राज.) 342001
swarnpratinidhi@gmail.com

**श्री मैढ़ स्वर्णकार संदेश**
अखिल भारतीय स्तर पर सामाजिक-शैक्षणिक-वैचारिक व शिल्प क्रांति को समर्पित
हिन्दी मासिक
कार्यालयः- अजमीढ़ मार्केट, श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज भवन, पुराना नगर निगम के पीछे, सोजती गेट के अन्दर, जोधपुर (राज.) पिन कोड 342001
swarnkarsandeshjdp@rediffmail.com



वर्ष - 9 | अंक-14 | हिन्दी (पाक्षिक) जोधपुर (राज.), प्रकाशनः 1 सितम्बर 2021 | पृष्ठ-4 | मूल्य वार्षिक : 220/-

## जयपुर समेत 18 जिलों में अनिवार्य हॉलमॉर्किंग

जयपुर सहित प्रदेश के 18 जिलों में अनिवार्य हॉमार्किंग लागू हो गई है। ऐसे में यहां के ग्राहक 9 कैरट के सस्ते आभूषण नहीं खरीद सकेंगे। यहां न्यूनतम 14 कैरेट सोने के गहने ही बेचे जा सकते हैं। हालांकि 15 जिलों में अभी अनिवार्य हॉलमॉर्किंग लागू नहीं होगी।

यहां 9 कैरेट के आभूषण भी खरीदे-बेचे जा सकेंगे। अभी 9 कैरेट के आभूषण में सोने का भाव 19,022 रूपए प्रति दस ग्राम बैठता है, जबकि 14 कैरेट के गहने में सोने के दाम 29,700 रूपए लगेंगे। नए नियमों के तहत बाजार में 14,18, 20,22,23 और 24 कैरेट सोने की ज्वैलरी ही बिकेगी।

अभी तक हॉलमार्क गोल्ड ज्वैलरी पर बीआईएस का तिकोना निशान, हॉलमार्किंग सेंटर का लोगो, कैरेट और ज्वैलर्स का लोगो होता था। नए नियमों के तहत दो ग्राम से अधिक वजन के आभूषणों पर बीआईएस का तिकोन वाला लोगों, सोने का कैरेट और छह नंबर का हॉलमार्क यूनिट आईडी यानी एचयूआईडी नंबर जरूरी होगा। उत्पादक या ज्वैलर अपना लोगों लगा सकते है।

**नए नियमों से क्या बदलेगा?**

ज्वैलर्स को गोल्ड ज्वैलरी बेचने के लिए बीआईएस के पास पंजीकरण करना होगा। ज्वैलर्स नॉन हॉलमार्क गोल्ड ज्वैलरी का स्टॉक नहीं रख सकेंगे। बीआईएस की ओर से तय कैरेट की ज्वैलरी ही बेच सकेंगे।

**नियमों के उल्लंघन पर यह दंड होगा?**

नॉन हॉलमार्क ज्वैलरी बेचने या ज्वैलरी में सोने की शुद्धता तय मानक के हिसाब से न होने पर ज्वैलर को एक साल तक की सजा या न्यूनतम एक लाख और अधिकतम ज्वैलरी की कीमत का पांच गुना तक आर्थिक दंड।

**पुरानी ज्वैलरी बेच सकते हैं?**

हां, ग्राहक पुरानी ज्वैलरी बेच सकते है।

**रजिस्ट्रेशन कराने की जरूरत किसे है?**

सोने के आभूषण बेचने वाले उत्पादक, थोक विक्रेता, वितरक या खुदरा विक्रेता को पंजीकरण कराने की जरूरत है। 40 लाख रू. सालाना टर्न ओवर वाले ज्वैलर्स को छूट है। यदि वे हॉलमार्क ज्वैलरी बेचते हैं तो रजिस्ट्रेशन जरूरी किस ज्वैलरी को हॉलमार्क करना होगा? जो उत्पादक, थोक विक्रेता, वितरक या खुदरा विक्रेता ज्वैलरी निर्माण कर पहली बार बेचेगा। यानी फर्स्ट पाइंट ऑफ सेल पर हॉलमार्क जरूरी होगा।

**किसे हॉलमार्क से छूट मिलेगी?**

दो ग्राम से कम वजन के आभूषण, निर्यात किए जाने वाले आभूषण, मेडिकल व इंडस्ट्रियल उपयोग में आने वाले उत्पाद पर छूट।

**एचयूआईडी नंबर के जरिए बीआईएस पोर्टल से ग्राहक ज्वैलरी के उत्पादक, सोने की शुद्धता समेत तमाम जानकारी ले सकते हैं।**

## हालमार्किंग में सुधार की आवश्यकता

सरकार ने न्यू हॉलमार्किंग रजिस्ट्रेशन फ्री कर दी है जिसकी रिन्यूवल पांच साल बाद है। रिन्यूवल फ्री नहीं है।

सरकार के नए HUID कानून देख कर लग रहा है कि शायद हम में से कईयों को रिन्यूवल की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

क्योंकि देश में बहुत छोटे-छोटे स्वर्णकार है जो ऐसे सिस्टम को जल्द समझ ही नहीं पाएंगे। उनके कोई बल्क में काम नहीं होता उनके तो एक दो पीस बिकते हैं। जिससे उनकी रोजी-रोटी चलती है

अभी हॉलमार्किंग सेंटर्स जैसे पहले जेवरों को सुविधा अनुसार हॉलमार्क कर देते थे। अभी सेंटर्स और BIS अधिकारी भी कन्फ्यूजन में है। कि क्या करें क्या ना करें।

BIS को चाहिए जब छोटे ज्वैलर्स के छोटे लॉट योनी एक रिंग, एक कांटा जोड़ी, एक चैन, एक हार, जैसी पांच से वस्तुएं हॉलमार्क होने आए तो उनको एक लॉट मानकर सभी में आए 70/80 एमजी खुरच कर मार्किंग कर देवें।

नहीं तो अजमंजस की स्थित बनी रहेगी। और हॉलमार्किंग की सारी व्यवस्था धराशायी हो जाएगी। अभी भी वक्त है समय रहते सुधार कर लेना चाहिए।

## हालमार्क यूआईडी के विरोध में बंद का किया विरोध

हालमार्क यूआईडी के विरोध में उत्तर प्रदेश सराफा एसोसिएशन की आहुत बंदी का इंडियन बुलियन ज्वेलर्स ऐसोसिएशन ने विरोध किया है। एसोसिएशन अध्यक्ष के साथ बैठक हुई जिसमें बंद के औचित्य पर सवाल उठाए। प्रदेश के एसोसिएशन डायरेक्टर विनोद सर्राफ का कहना था। कि जब सरकार सराफा व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर है तो हड़ताल की क्या जरूरत है। उन्होंन सराफा व्यापारियों से उप्र सराफा एसोसिएशन की आहुत बंदी में सम्मिलित न होने का आहवान किया। बताया कि हालमार्क यूआईडी को लेकर सरकार से संपर्क में हैं। बातचीत में बहुत कुछ छूट मिलने की उम्मीद है। ग्राहकों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने हालमार्क कानून को स्वगात योग्य बताया। यूआईडी का एसोसिएशन भी विरोध करती है। एक्सपर्ट कमेटी में मेंबर के कार्तिक ने सरकार को विसंगतियों से अवगत करा दिया है। सरकार जल्द ही सरलीकरण का नोटिफिकेशन जारी कर सकती है।

**प्रेषकः**-जगदीश तोषावड़, सोजतसिटी

## जयपुर में स्वर्णकार शिक्षा सदन का कार्य प्रगति पर

**आदरणीय समाजवृंद,**

आपको जानकर अत्यंत प्रसन्नता होगी कि मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार वेलफेयर सोसाइटी अंतर्गत संचालित स्वर्णकार शिक्षा सदन, जयपुर में विद्यालय गतिविधि के संचालन हेतु शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार से अनुमति प्राप्त करने हेतु पूर्व प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। अतः स्वर्णकार पब्लिक स्कूल की स्थापना एवं संचालन में सहयोग/ मार्गदर्शन प्रदान कर हम सभी मैढ़ स्वर्णकार समाज सदस्य होने के नाते अपने समाज धर्म का निर्वहन कर आने वाली पीढ़ियों को उपकृत करें, ऐसी अपेक्षा है।

सभी माननीय **समाजबन्धुओं का सहयोग** इस पुनीत कार्य में अवश्य प्राप्त होगा, ऐसी आशा और विश्वास है।

**निवेदनः** रमाकांत जौहरी, अध्यक्ष, उमेश कुमार जोड़ा, महामंत्री सीए राजेश मायछ, कोषाध्यक्ष, अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें:- उमेश कुमार सोनी: 9314405401



**स्वर्णकार शिक्षा सदन, जयपुर के निर्मित तलों की फिनिशिंग का कार्य तीव्रता से पूर्णता की ओर बढ़ता हुआ (निर्माण स्थिति दिनांक 25 जुलाई 2021)**





**स्वर्णकार शिक्षा सदन के 79वें साधारण सदस्य बनें**

मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार वेलफेयर सोसायटी, जयपुर के अन्तर्गत निमार्णाधीन स्वर्णकार शिक्षा सदन में जयपुर निवासी श्रीमान् भंवरलाल सोनी (जांगलवा), से.नि. आयुक्त नगर परिषद, चूरू द्वारा स्वर्णकार शिक्षा सदन की साधारण सदस्यता राशि 21,000/- प्रदान कर 79वें साधारण सदस्य बनने पर हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।

**समाजबन्धुओं से निवेदन है, स्वर्णकार शिक्षा सदन के कार्य की निरन्तरता बनाए रखने हेतु इस पुनीत कार्य के लिए अपना आर्थिक सहयोग प्रदान कर अनुग्रहीत करें।**

## ज्वेलर की दुकान पर महिलाएं चकमा देकर ले भागी जेवरात


**सोजत।** थाना क्षेत्र के चंडावल गाँव में ज्वेलरी की दुकान पर चकमा देकर महिलाएं जेवरात व पायजेब चुराकर भाग गई। उनका सुराग नहीं लगा है। पुलिस ने बताया कि चंडावल निवासी अनिल पुत्र सत्यनारायण सोनी ने रिपोर्ट दी कि कुछ महिलाएं उसकी दुकान पर जेवरात खरीदने आई। वे बातों में उलझाकर दुकान से सोने-चांदी के जेवरात व पाइजेब चुराकर भाग गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। महिलाओं का सुराग नहीं लगा है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

## हॉलमार्क के नए प्रावधानों का विरोध

**जयपुर।** ज्वेलर्स को हॉलमार्किंग सेंटर लगाने की मंजूरी और मैन्यूफैक्चरिंग पॉइंट पर ही सोने के आभूषणों पर हॉलमार्क के प्रावधान से छोटे शहरों और कस्बों में चल रहे **हॉलमार्किंग सेंटरों पर बंद होने का खतरा** पैदा हो गया है। दरअसल, देश में सोने के आभूषणों का निर्माण दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और राजकोट जैसे शहरों में ज्यादा होता है। इसके मद्देनजर जयपुर जैसे शहरों और कस्बों में हॉलमार्किंग सेंटरों का काम 90 फीसदी तक कम होने की आशंका है। यह देखते हुए हॉलमार्किंग सेंटर संचालकों ने देश भर में रैली निकाली और भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के स्थानीय कार्यालयों के निदेशकों को ज्ञापन देकर नए प्रावधान वापस लेने की मांग की है। जयपुर में राजस्थान हॉलमार्किंग एसोसिएशन ने बीआईएस की निदेशक को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सुमेर मौसूण का कहना है कि बड़ी कंपनियों के दबाव में केंद्र सरकार ने हॉलमार्क नीति के प्रावधानों में बदलाव किए हैं। सोने के आभूषणों पर मैन्यूफैक्चरिंग पॉइंट पर हॉलमार्किंग से छोटे शहरों व कस्बों में हॉलमार्किंग सेंटरो का कामकाज ठप हो जाएगा। वहीं चेयरमैन उदय सोनी का कहना है कि सरकार ज्वैलर्स को आभूषणों की शुद्धता के लिए सेल्फ सर्टिफिकेशन का अधिकार देना चाहती है। इससे हॉलमार्किंग सेंटर की उपयोगिता समाप्त हो जाएगी। इसलिए 16 जून के आदेशों में कोई बदलाव नहीं करना चाहिए। ऐसोसिएशन के महासचिव ने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने हॉलमार्किंग सेंटर को ऑरेंज कैटेगरी में डाल रखा है। इस कैटेगरी में प्रदूषण फैलाने वाली उत्पादन इकाइयों को रखा जाता है। जबकि हॉलमार्किंग यूनिट से प्रदूषित हवा या पानी नहीं निकलता और ना उत्पादन होता है। लेकिन ऑरेंज कैटेगरी में डालने से अब हॉलमार्क सेंटर को औद्योगिक क्षेत्र में ही खोला जा सकता है। शहर में पुराने सेंटरों के लाइसेंस का नवनीकरण नही हो रहा है। हॉलमार्किंग सेंटर नहीं होना चाहिए, जहाँ आभूषण बाजार हो।

**विशेषांक हेतु सूचना**

श्री मैढ़ स्वर्णकार सन्देश
मासिक पत्रिका का आगामी अंक
**दीपावली विशेषांक**
के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है।



इस संदर्भ में अपनी रचनाएँ, लेख, कविता, संस्मरण, ऐतिहासिक जानकारी, शुभकामनाएं विज्ञापन आदि शीघ्र ही निम्न पते पर भिजवायें।

श्री मैढ़ स्वर्णकार सन्देश (जोधपुर)
सम्पादकः रामरतन सोनी मो. 9414133641
श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज भवन, अजमीढ़ मार्केट,
ऑफिस नं. 11,12 , सोजती गेट के अन्दर, जोधपुर, (राज.) 342001
Email:- swarnkarsandeshjdp@rediffmail.com
श्री मैढ़ स्वर्णकार सन्देश के सदस्य बनें व सदस्य बनावें।

परिवार हो या संगठन
सब में सफलता का राज है...
एक दूसरे के विचारों को सुनना
और सम्मान देना

।। जय श्री अजमीढ़जी ।।  ।। कुल देवाय नमः ।।
समाज सदैव प्रगति की ओर अग्रसर हो इसी शुभकामनाओं के साथ
श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज संस्थान,जोधपुर (रजि.)
**श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज भवन**
विश्रामालय (धर्मशाला) - फोन नं. 0291- 2437323
पुराना नगर निगम के पीछे, सोजती गेट के अन्दर, जोधपुर (राज.)
जोधपुर के बाहर से आने जाने वाले स्वजातिय आगन्तुक बंधुओं के लिये शौचालय स्नानघर व आवास की अच्छी व्यवस्था

## सम्पादकीय.....



अगर आप खबरें देखेंगे तो, हर जगह गिरती अर्थव्यवस्थाएं, विफल होती कंपनियां और आपदाएं ही नजर आएंगी। हालांकि, सफल लोग इनकी चिंता नहीं करते क्योंकि वे उन सब चीजों में खुद को नहीं उलझाते जिन पर उनका बस नहीं। वे हर दिन का इस्तेमाल खुद को और आसपास की दुनिया को बेहतर बनाने में करते हैं, तभी कामयाबी मिलती है।

आपको इससे कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए कि दूसरे आपके बारे में क्या सोचते हैं। अगर आप खुद अपने काम से संतुष्ट हैं, तो वह आपकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। याद रखें कि जब आप खुद अपने काम को लेकर अच्छा महसूस करेंगे तो दूसरे आपको किसी भी कीमत पर विचलित नहीं कर पाएंगे। आप सभी काम अपने लिए कीजिए, न कि दूसरों की बातों के बारे में सोचकर।

आपका बीता हुआ कल या आने वाला कल, महज आपके दिमाग की उपज है। आप कितना ही पश्चाताप कर लें, बीते हुए कल को नहीं बदल सकते और कितनी ही चिंता कर लें, अपने आने वाले कल पर भी आपका बस नहीं चलता।


सफल होने के लिए जरूरी है कि आप बीते हुए कल को और भविष्य की अनिश्चितता को स्वीकार करें और वर्तमान पर अपना ध्यान केंद्रित करें।

जय भारत ! -रामरतन सोनी

चिट्ठी ना कोई सन्देश<br>
जाने वो कौन सा देश<br>
जहाँ तुम चले गए<br>
इस दिल पे लगा के ठेस<br>
जाने वो कौन सा देश...<br>
एक आह भरी होगी<br>
हमने ना सुनी होगी<br>
जाते-जाते तुमने<br>
आवाज तो दी होगी<br>
हर वक्त यही है गम<br>
उस वक्त कहाँ थे हम<br>
कहाँ तुम चले गए...<br>
हर चीज पे अश्कों से<br>
लिखा है तुम्हारा नाम<br>
ये रस्ते घर गलियाँ<br>
तुम्हें कर ना सके सलाम<br>
हाय दिल में रह गई बात<br>
जल्दी से छुड़ा कर साथ<br>
कहाँ तुम चले गए...<br>
अब यादों के कांटे<br>
इस दिल में चुभते हैं<br>
ना दर्द ठहरता है<br>
ना आंसू रूकते हैं<br>
तुम्हें ढूंढ रहा है प्यार<br>
हम कैसे करें इकरार<br>
के हाँ तुम चले गए...

- संकलित


### ॐ सत्यम् शिवम् सुन्दरम् ॐ



धर्म की हमें सिखाता है- अपने कर्तव्यों का पालन कीजिए, इंसान होकर इंसान के काम आइए, मनोविकारों पर विजय प्राप्त कीजिए और सबका सम्मान कीजिए। धर्म हमें न तो नास्तिक बनाता है और न ही आस्तिक। वह तो हमें केवल वास्तविक बनाता है। परंपराओं में बंधने की बजाय प्रेक्टिकल स्वरूप में जीने की कोशिश कीजिए। - भंवरलाल भंवण, रातानाडा, जोधपुर मो. 9461141199

## श्री मायछ भवन'

### -भागीरथ विहार कॉलोनी, हरिपुर कलां, हरिद्वार ( उत्तराखंड )



श्री मायछ भवन - हरिद्वार रेलवे स्टेशन और बस स्टैण्ड से दूरी - 7 किमी

1. हर की पौड़ी से ढाई किमी ऋषिकेश के ओर जाने पर भारत माता मंदिर है।
2. भारत माता मंदिर से एक किमी आगे जाने पर गीता मंदिर और व्यास मंदिर है।
3. गीता मंदिर से आधा किमी आगे जाने पर आशाराम बापू आश्रम से अगली गली में दायी तरफ' श्री मायछ भवन' है।

इसमें 15 एसी कमरे सहित लगभग 35 कमरे, हॉल स्नानघर इत्यादि बने हुए है, यह भवन 40 बाई 80 फीट में पांच मंजिल का बना है। लगभग 100 मीटर की दूरी पर गंगा प्रवाहित होती है। दिल्ली निवासी श्री बहादुर सिंह जी वर्मा ( मायछ ) द्वारा संस्थापित ' श्रीमायछ भवन' का उदघाटन 23-3-2012 को हुआ था।



इसमें तीर्थ यात्रियों के लिए ठहरने, कथा, भागवत आदि आयोजन करने की सुविधा उपलब्ध है। मो. 09313341998, 09873226000

शीघ्र ही यात्रियों के आवागमन की सुविधा हेतु टेक्सी उपलब्ध करवाना प्रस्तावित है।

| 6 बजे से दिन के समय | दिन का चौघड़िया | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरू | शुक्र | शनि |
| प्रात : 6 से 7.30 | उद्वेग | अमृत | रोग | लाभ | शुभ | चल | काल |
| 7.30 से 9 | चल | काल | उद्वेग | अमृत | रोग | लाभ | शुभ |
| 9 से 10.30 | लाभ | शुभ | चल | काल | उद्वेग | अमृत | रोग |
| 10.30 से 12 | अमृत | रोग | लाभ | शुभ | चल | काल | उद्वेग |
| 12 से 1.30 | काल | उद्वेग | अमृत | रोग | लाभ | शुभ | चल |
| 1.30 से 3 | शुभ | चल | काल | उद्वेग | अमृत | रोग | लाभ |
| 3 से 4.30 | रोग | लाभ | शुभ | चल | काल | उद्वेग | अमृत |
| 4.30 से 6 सायं | उद्वेग | अमृत | रोग | लाभ | शुभ | चल | काल |

| 6 बजे से सायं के समय | रात का चौघड़िया | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरू | शुक्र | शनि |
| सायं: 6 से 7.30 | शुभ | चल | काल | उद्वेग | अमृत | रोग | लाभ |
| 7.30 से 9 | अमृत | रोग | लाभ | शुभ | चल | काल | उद्वेग |
| 9 से 10.30 | चल | काल | उद्वेग | अमृत | रोग | लाभ | शुभ |
| 10.30 से 12 | रोग | लाभ | शुभ | चल | काल | उद्वेग | अमृत |
| 12 से 1.30 | काल | उद्वेग | अमृत | रोग | लाभ | शुभ | चल |
| 1.30 से 3 | लाभ | शुभ | चल | काल | उद्वेग | अमृत | रोग |
| 3 से 4.30 | उद्वेग | अमृत | रोग | लाभ | शुभ | चल | काल |
| 4.30 से 6 प्रात: | शुभ | चल | काल | उद्वेग | अमृत | रोग | लाभ |

# समाज सेवी हनुमान सहायजी पंचतत्व में विलीन

**जयपुर।** वरिष्ठ समाजसेवी, समाज चिन्तक, विचारक **श्री हनुमान सहाय जी खोवाल** का असामयिक देहावसान 29 अगस्त, रविवार को सायं हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 अगस्त को प्रात: 11:00 बजे उनके निवास स्थान 2, शांति पथ, संजय कॉलोनी, पानी पेज, जयपुर से चांदपोल मोक्षधाम के लिए प्रस्थान हुई। लोकप्रिय समाजसेवक अब स्मृतियों में शेष यह सूचना सुनकर सभी स्तब्ध हैं किसी को विश्वास नहीं हो रहा है कि समाज के लिए समर्पित एक कर्मयोगी, निष्ठावान व्यक्ति को इस प्रकार बीच समय में देवाज्ञा प्राप्त होगी। हृदय द्रवित है। अंतिम क्षणों में भी समाज के लिए चिन्तन करने वाली सदात्मा एक सामाजिक कार्यक्रम में अपना दायित्व निर्वहन कर घर लौटने के पश्चात चिर निद्रा में चली गई।



लम्बे समय से शारीरिक स्वास्थ्य के खराब होने, चलने-फिरने में असहज होने पर और हाल ही में बड़ा ऑपरेशन होने के उपरान्त भी 72 वर्ष की आयु में समाजसेवा ही उनकी दिनचर्या का प्रमुख भाग थी। हमारे जैसे कुछ कार्यकर्ता, समाजसेवी जिन्हें आदत हो गई थी, श्री हनुमान सहाय जी सोनी से प्रतिदिन सामाजिक विषयों पर दूरभाष, व्हाट्सएप पर एवं व्यक्तिगत चर्चा करने की। अब केवल यादें ही रहे जाएंगी।

मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार वेलफेयर सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष और मार्गदर्शक, हमारे पथ-प्रदर्शक अपने अच्छे कार्यो से समाज में मान-सम्मान अर्जित करने वाले संस्था के मुखिया स्वरूप 'संकटमोचन हनुमान' सभी के दिलों में अपने लिए विशिष्ट स्थान रखने वाले लोकप्रिय समाजसेवक अब सदैव हमारी स्मृतियों में जीवित रहेंगे। श्रेष्ठ स्काउट एवं स्काउट प्रशिक्षक, अनेक धार्मिक - सामाजिक संस्थाओं के मार्गदर्शक, अनेक पुरस्कारों, सम्मानों से अलंकृत, कर्म को ही जीवन का ध्येय मानकर चलने वाले ऐसे व्यक्तित्व की कमी समाज को सदैव खलेगी।

स्वर्णकार शिक्षा सदन को पूर्ण होते देखना जिनका स्वप्न था। प्रतिदिन 4 से 6 घण्टे केवल इसी विषय पर देशभर में समाजबन्धुओं से चर्चा कर सकारात्मकता का ताना-बाना बुनना इनके जीवन का अभिन्न अंग हो गया था। कुछ लोग दिल के बहुत करीब होते हैं, जिनकी यादों को भुलाया नहीं जा सकता। श्रीमान् हनुमान सहाय जी सोनी भी हम सभी के दिलों में एक अच्छी याद बनकर रहेंगे। यह समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। परिवाजन के लिए इस असीम दु:ख को कम नहीं किया जा सकता है, किन्तु हम सभी आपके दु:ख में सहभागी है।

स्वर्गवासी आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि एवं शत्-शत् नमन्।

-उमेश जवड़ा, जयपुर

प्रथम पुण्यतिथी



**स्व. श्रीमती पार्वती सोनी**

पत्नी श्री रामरतन खजवाणिया<br>
जोधपुर ( राज. )<br>
देवलोक: भादवा सुदी ४<br>
( गणेश चतुर्थी ) वि.सं. २०७७



**श्रीमती शांतिदेवी**

पति स्व. श्री सम्पतजी मौसूण<br>
पीपाड़ शहर<br>
का 01.09.2021 को निधन हो गया।




**पीपाड़ शहर।** श्री शिवकुमारजी व अरविंदजी के भाई **श्री दिलीपजी रोडा** सुपुत्र श्री नृसिंहजी रोडा का आकस्मिक निधन 30.08.21 को हो गया।

माँ संवेदना है, भावना है, एहसास है माँ जीवन के फूलों में, खुशबु का अहसास है।

प्रथम पुण्यतिथि

जन्म:<br>
आसोज सुदी तेरस<br>
वि. संवत 1991



## स्व. श्रीमती रामकँवरी देवी

धर्मपत्नि श्री भंवरलाल सोनी ( भंवण ), जोधपुर की प्रथम पुण्य तिथि दिनांक 5 सितम्बर 2021 पर विनम्र श्रद्धांजलि एवं शत्-शत् नमन्।

देवलोक:<br>
5 सितम्बर 2020<br>
आसोज वद ३<br>
संवत् २०७७

**श्रद्धावनत्** भंवरलालजी भवण ( पति ), रामनिवास, मोहनलाल ( देवर ), बृजमोहन-स्व. कैलाशी देवी, नन्दकिशोर-रचना देवी, मुरलीधर-सीता देवी ( पुत्र-पुत्रवधु ), स्व. भरत-स्व. ममता ( पौत्र-पौत्रवधु ), सन्दीप-किरण ( पौत्र-पौत्रवधु ), रवि ( पौत्र ), शुभांगी उर्फ खुशी ( प्रपौत्री ), मुकुन्द उर्फ खुश ( प्रपौत्र ), हृदयांशु, विहान ( प्रपौत्र ), स्व. संतोष-कमलकिशोरजी कड़ेल, कान्ता-सत्यनारायणजी सुरंडिया ( पुत्री दामाद ), मंजू-कमलकिशोरजी रोडा, अंजु-महेशजी खजवाणिया, हेमा-अभिरूपजी, राखी-हितेशजी खजवाणिया, सोनिया- अजयजी, मोना-राजीवजी ( पौत्री -जंवाई ), शीतल, चाँदनी ( पौत्री ), प्रकाश-किरण, यश ( दोहिता ), जयन्त- मनीषा, द्रुपद - अंजली ( प्रदोहिता-प्रदोहितावधु ), नमन ( प्रदोहिता ), आरती, वैशाली, विदुषी, लक्षिता, आशवी, रेहांशी, रूही, टेहा, जिज्ञासा, जागृति ( प्रदोहिती ) एवं समस्त भवण परिवार, जोधपुर।

**पीहर पक्ष** शंकरलालजी, जगदीशजी ( भाई ), गजेन्द्र ताराचन्द ( भ्राता पुत्र ) एवं समस्त मौसूण परिवार बुटाटी ( जिला नागौर )।

निवास स्थान: 122-सी, सुभाष चौक, रातानाडा, जोधपुर, मोबाईल नं.: 9414129948

हर पल याद आपकी आती है तो आंखें बरबस भर जाती है। ये विधि की कैसी लीला है जो समय पूर्व ले जाती है।

तृतीय पुण्य तिथि

जन्म:<br>
02 सितम्बर 1953<br>
भादवा सुदी चौथ



## स्व. श्रीमती कैलासी देवी

धर्मपत्नि श्री बृजमोहन सोनी ( भंवण ), जोधपुर की तृतीय पुण्य तिथि दिनांक 6 सितम्बर 2021 पर विनम्र श्रद्धासुमन।

देवलोक:<br>
6 सितम्बर 2018<br>
भादवा बदी ग्यारस<br>
संवत् २०७५

**श्रद्धावनत्** रामकँवरी देवी-भंवरलालजी भवण ( सास-ससुर ), रामनिवास, मोहनलाल ( काका ससुर ) नन्दकिशोर-रचना देवी, मुरलीधर-सीता देवी ( देवर-देवरानी ) स्व. भरत-स्व. ममता ( पुत्र-पुत्रवधु ), सन्दीप-किरण ( देवर पुत्र-पुत्रवधु ), रवि ( देवरपुत्र ), शुभांगी उर्फ खुशी ( पौत्री ) मुकुन्द उर्फ खुश ( पौत्र ), राम, लक्ष्मण ( देवर पौत्र ), स्व. संतोष-कमलकिशोरजी कड़ेल, कान्ता-सत्यनारायणजी सुरंडिया ( नणद-नणदोई ) मंजू-कमलकिशोरजी रोडा, अंजु-महेशजी खजवाणिया, हेमा-अभिरूपजी, राखी-हितेशजी खजवाणिया ( पुत्री-जंवाई ), जयन्त- मनीषा, द्रुपद - अंजली ( दोहिता-दोहितावधु ), नमन ( दोहिता ), आरती, वैशाली, प्रिया, लक्षिता ( दोहिती ), एवं समस्त भवण परिवार, जोधपुर।

**पीहर पक्ष** स्व. बंशीलालजी ( पिताजी ), स्व. रामेश्वरलालजी, स्व. नारायणलालजी, हरिप्रसादजी, प्रेमचंदजी ( काकाजी ), घेवरचन्दजी, कमलकिशोरजी, आनन्दकिशोरजी, ओमप्रकाशजी, ईश्वरजी, किशोरजी, नन्दकिशोरजी, सुभाषजी ( भाई ) एवं समस्त सहदेव परिवार करकेड़ी/ जोधपुर।

निवास स्थान: 122-सी, सुभाष चौक, रातानाडा, जोधपुर, मोबाईल नं.: 9414129948

## चिंतन / मंथन

**बिना पढ़े बिना परीक्षा** दिए, बिना मेहनत के जब 95 से 100 प्रतिशत तक आ सकते हैं तो सोचो- क्या सरकार स्कूल खोलने के विचार को प्राथमिकता देगी?

उत्तर: कतई नहीं।

आज जो जश्न मना रहे हैं वे अबोध हैं उन्हें नहीं पता कि जिस प्रकार शिकारी दाने डालकर जाल बिछाता है उसी प्रकार ये अंको का जाल बिछाया गया है। ये अंक आपके भविष्य का निर्माण कम विनाश ज्यादा कर सकते हैं अगर आपने मेहनत का आश्रय नहीं लिया तो। शास्त्र और इतिहास कहता है जहां घोड़े और गधे एक ही कीमत पर बिकते हो वहाँ ज्यादा समय रूकना ठीक नहीं है।

आज के रिजल्ट को देखकर भारतेंदु हरिशचंद का नाटक अंधेर नगरी याद आ रहा है।

**याद रखो:** सरकार अब ये ही चाहेंगी कि आपको ऐसे लुभावने रिजल्ट मिले। सरकार पैनी निगाह से देख रही है कि हमारी ये चाल कामयाब हो गई। लोगों में खुशी की लहर है। आपको मानसिक रूप से इसका आदी बना दिया जायेगा। उसे बाद सभ्य समाज की कल्पना करना बेमानी होगा।

पिछले कुछ वर्षों से शिक्षा बिक रही थी अब शिक्षा बिना बिक्री के फोकट में बांटी जा रही है। फोकट की चीज कितनी अच्छी होती है ये बताने की जरूरत नहीं। अंत में एक साधारण उदाहरण में समझाता हूं।

जिस खेत की फसल की निराई गुड़ाई नहीं होती है उस खेत की फसल कटाई के साथ खरपतवार अपने आप कटता है। अब उस अनाज में खरपतवार की बीज साथ आयेंगे। मतलब वह अनाज गुणवत्ता की दृष्टि से अच्छा नहीं माना जाता।

ये भी ऐसा ही रिजल्ट है इसमें खरपतावर (अनुत्तीर्ण) और अनाज (मेरिट) मिक्स है। अब आप अच्छे स्वास्थ्य (सभ्य समाज व देश) की कल्पना कैसे कर सकते है।

जिस दिन आपको कागजी शिक्षा व व्यावहारिक शिक्षा में अंतर पता चलेगा तब तक हो सकता है काफी देरी हो जाये अत: झूठे जश्न मनाने वालों सत्य को जानो। बच्चों को स्कूलों से जुड़वाओं। उन्हें विद्या के मंदिरों में भेजो। सरकार की बेतुकी बातों, बेतुके परिणामों से बाहर निकलो और तर्क के साथ आगे बढ़ो।

समाज व देश का पतन अयोग्य व्यक्तियों से उतना नहीं होता जितना योग्य व्यक्तियों की उदासीनता से होता है। आज पढ़ा लिखा वर्ग सबसे ज्यादा उदासीन है इसका खामियाजा आगे की पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा...

**- सतीश सोनी खजवाणिया**

## सोजत के मुख्य बाजार में चोरी का प्रयास

**सोजत।** शहर के मुख्य बाजार स्थित धानमंडी के पीछे आराधना भवन के सामने बुधवार देर रात्रि चोरों ने एक ज्वेलरी की दुकान व कन्फेसरी के गोदाम के ताले तोड़ चोरी का प्रयास किया। ज्वेलर्स की दुकान और बिस्किट के गोदाम में कोई सामान नहीं मिला। घटना के दौरान मालिक पहुंचा तो दुकान का ताला टूटा मिला। अंदर सामान बिखरा पड़ा था। गनीमत रही कि वह रात्रि में जाते समय सारा सामान घर ले गया, जिससे दोनों जगहों पर चोरी होने से बच गई। सूचना के बाद सोजत थाने के मुख्य आरक्षी बिंजाराम देवासी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विक्रम सोनी ने मुख्य आरक्षी बिंजाराम देवासी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विक्रम सोनी ने धानमंडी के आराधना भवन के सामने ज्वैलरी की दुकान लगा रखी है। उसी दुकान के नीचे भैराराम के गोली बिस्किट का गोदाम है। देर रात्रि चोरों ने मौका पाकर चोरी करने की नियत से दोनों जगहों के ताले तोड़ दुकान व गोदाम को खंगाला, लेकिन कोई सामान हाथ नहीं लगा। उसके बाद में ताला फेंक कर चले गए।

इधर, धानमंडी के व्यापारियों ने पुलिस से चोरी की वारदात रोकने तथा चोरी का प्रयास करने वाले आरोपियों को पकड़ने की मांग की।

**प्रेषक:-जगदीश तोषावड़, सोजतसिटी**

## बंदूक की नोक पर सोना लूटकर भागे

**राणावास के निकट निम्बली मांडा गांव में दिनदहाड़े सुनार की दुकान पर लूट की घटना दो युवक बंदूक की नोक पर सोना लूटकर भागे**

सिरियारी थाना क्षेत्र के निम्बली गांव के श्री दिलीप सोनी की दुकान में 29.08. 2021 को फायरिंग करके लूटने वाले आरोपियों को नाकाबंदी के दौरान सामना करके दो घंटे में 2 बदमाशों को पकड़ में आया। रायपुर व सोजत पुलिस की कार्यवाही में गोली का जवाब गोली से दिया, फिर बदमाश डरे व भागने लगे, पीछा करके पकड़ा।

**-जगदीश तोषावड़, सोजतसिटी**

### बगड़ी नगर थाना क्षेत्र के गुड़ा श्यामा में वारदात

# बाइक पर आए तीन लुटेरों ने ज्वेलर्स पर किया हमला, 20 लाख रुपए के जेवरात लूटकर भागे

### व्यापारियों ने बाजार बंद रख जताया विरोध

**पाली/सोजत,** पाली के बगड़ी नगर थाने के गुड़ा श्यामा निवासी एक ज्वेलर्स को शनिवार रात करीब सवा आठ बजे बाईक पर आए तीन बदमाशों ने बीच रास्ते लाठियों से वारकर घायल कर दिया, उसके हाथ से सोना-चांदी से भरा बैग लेकर भाग छूटे। बैग में करीब 15 किलो चांदी व 25 तोला सोना के जेवरात थे, जिनकी बाजार कीमत 20 लाख रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने जिलेभर में उन्हे पकड़ने के लिए नाकाबंदी करवाई, लेकिन सुराग नहीं लगा। बगड़ी नगर थाना प्रभारी बाबूलाल जांगिड़ ने बताया कि अरविन्द सोनी पुत्र विरदीचंद सोनी की बड़ा गुड़ा में ज्वैलरी की दुकान है। हमेशा की तरह वह शनिवार शाम करीब आठ बजे दुकान बंद कर कर एक बैग मे सोने-चांदी के गहने भरकर गांव के लिए रवाना हुआ था। गुड़ा श्यामा से करीब आधा किलोमीटर पहले बाईक पर आए 3 बदमाशों ने उसे रोका। लुटेरों ने उस पर लाठियों से वार किया, जिससे वह घायल हो गया। उसके हाथ में बैग लूटकर बाईक पर भाग छूटे। अरविन्द के सिर पर आठ टांके आए तथा हाथ-पाव में भी चोटे आई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर। लूट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी

**दो घंटे बंद रखा बाजार, पुलिस से मिले**

व्यापार संघ अध्यक्ष अमराराम माली ने बताया कि घटना के विरोध में रविवार सुबह करीब 2 घंटे बाजार बंद रखा तथा बड़ा गुड़ा चौकी प्रभारी से मिले। कार्रवाई की जानकारी ली। इस दौरान दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

**पुलिस का दावा-लुटेरों ने की रैकी**

पीड़ित ने बताया कि दुकान पहले गुड़ा श्यामा मे ही थी। करीब एक वर्ष पूर्व उसने बड़ा गुड़ा में दुकान लगाई थी, दोनों गांवों के बीच दो-तीन किलोमीटर की दूरी है। पुलिस का दावा है कि लुटेरों को यह जानकारी थी कि वह रोजाना जेवरात का बैग लेकर सुनसान रास्ते से घर जाता है। इसकी लुटेरों ने पहले रैकी की है।

**पाली शहर की वारदात भी नहीं खुली**

24 अप्रेल को पाली के बापूनगर विस्तार में किशन सोनी की दुकान में आकर तीन बदमाशों ने पिस्टल की नोक पर उन्हें बंधन बनाया था। करीब तीस लाख रूपए के आभूषण लूटकर फरार हो गए थे। साढ़े तीन माह बाद भी यह वारदात नहीं खुली।

**प्रेषक:-जगदीश तोषावड़, सोजतसिटी**

## संगति का असर

एक बार एक राजा शिकार के उद्देश्य से अपने काफिले के साथ किसी जंगल से गुजर रहा था। दूर-दूर तक शिकार नजर नहीं आ रहा था, वे धीरे-धीरे घनघोर जंगल में प्रवेश करते गए। अभी कुछ ही दूर गए थे कि उन्हें कुछ डाकुओं के छिपने की जगह दिखाई दी। जैसे ही वे उसके पास पहुँचे कि पास के पेड़ पर बैठा तोता बोल पड़ा। पकड़ो-पकड़ो एक राजा आ रहा है इसके पास बहुत सारा सामान है लूटा-लूटो जल्दी आओ जल्दी आओ।

तोते की आवाज सुनकर सभी डाकू राजा की और दौड़ पड़े। डाकुओं की अपनी और आते देख कर राजा और उसके सैनिक दौड़कर भाग खड़े हुए। भागते-भागते कोसो दूर निकल गए। सामने एक बड़ा सा पेड़ दिखाई दिया।

कुछ देर सुस्ताने के लिए उस पेड़ के पास चले गए, जैसे ही पेड़ के पास पहुचे कि उस पेड़ पर बैठा तोता बोल पड़ा-

आओ राजन हमारे साधू महात्मा की कुटी में आपका स्वागत है, अन्दर आइये पानी पीजिये और विश्राम कर लीजिये। तोते की इस बात को सुनकर राजा हैरत में पड़ गया, और सोचने लगा कि एक ही जाति के दो प्राणियों का व्यवहार इतना अलग-अलग कैसे हो सकता है?

राजा को कुछ समझ नहीं आ रहा था। वह तोते की बात मानकर अन्दर साधु की कुटिया की ओर चला गया, साधु महात्मा को प्रणाम कर उनके समीप बैठ गया और अपनी सारी कहानी सुनाई। और फिर धीरे से पूछा ऋषिवर इन दोनों तोतो के व्यवहार में आखिर इतना अंतर क्यों है।''

साधू महात्मा ने धैर्य से सारी बातें सुनी और बोले, ये कुछ नहीं राजा बस संगति का असर है। डाकुओं के साथ रहकर तोता भी डाकुओं की तरह व्यवहार करने लगा है और उनकी ही भाषा बोलने लगा है। अर्थात जो जिस वातावरण में रहता है वह वैसा ही बन जाता है। कहने का तात्पर्य यह है कि मुर्ख भी विद्वानों के साथ रहकर विद्वान बन जाता है और अगर विद्वान भी मूर्खों के संगत में रहता है तो उसके अन्दर भी मूर्खता आ जाती है। इसीलिए हमें संगती सोच समझकर करनी चाहिए।

**- किशोरचंद अग्रोया, डीसा, गुजरात**

## बच्चों के लिए विशेष ग्रुप जिसमें अनेक प्रकार की गतिविधियों का आयोजन होगा

सब बच्चों और उनके परिवारजनों को मेरा सादर प्रणाम!

योगदान स्टूडियो की ओर से सभी का स्वागत है। हमने बच्चों के लिये विशेष ग्रुप बनाया है जिसमें प्रति सप्ताह बच्चों (5-15 वर्ष) के लिये योग, आर्ट एंड क्राफ्ट, भजन, हवन, यज्ञ, गेम्स और अनेक प्रकार की गतिविधियों का आयोजन समय-समय पर किया जायेगा। जिसमें बच्चों की अटेंडेंस भी ली जायेगी। सभी से निवेदन है कि निम्न बातों को आप कृपया ध्यान रखें।




1. संपूर्ण कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से संचालित होगा। सभी बच्चे गूगल मीट और ज़ूम एप्लिकेशन दोनों डाऊनलोड कर लें।
2. इसमें समय-समय पर अतिथि वक्ताओं और विशेषज्ञों को बुलाया जाएगा। साथ ही अनेक गतिविधियाँ भी आयोजित की जाएगी।
3. 5 से 15 वर्ष तक के बच्चे जो इन सब गतिविधियों के बारे में समझ सके, वे अवश्य जुड़े।
4. पहले सभी बच्चों के साथ मिटींग की जाएगी। जिसमें सभी को अपना कैमरा ऑन रखना अनिवार्य है। जो बच्चे एक्टिव, उत्साही रहेंगे और निरन्तर सहभागिता रखेंगे, केवल उन्हीं बच्चों को आगे के कार्यक्रमें में रखा जायेगा।
5. कार्यक्रम से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी आपको हमारे ग्रुप में मिलेगी अत: आप नीचे दिए नम्बर पर अपना नाम और शहर लिखकर मैसेज करें।
6. आप सभी निवेदन है आप प्रयास करें ज्यादा से ज्यादा बच्चों को हमारे साथ जोड़े और इस कार्यक्रम का हिस्सा बनायें। (अपने पड़ौसी, रिश्तेदार, अपने मित्र सभी तक यह सन्देश पहुँचाए)
7. यह क्लास फिलहाल सभी बच्चों के लिये नि:शुल्क है।
8. समय शाम 6 बजे (गूगल मिट) (सेशन की समय अवधि 6 से 6:45 तक होगा)

जो बच्चे रेगुलर क्लास अटेंड करेंगे उनके लिये हम एक आईडी कार्ड भी बनाएंगे। शामिल होने वाले बच्चे इस नंबर पर अपना नाम और शहर लिखकर मैसेज भेजें। धन्यवाद!

-निशा सोनी
फाउंडर योगदान
फोन: 9509649310
ई-मेल: vermanisi90@gmail.com
फेसबुक पेज: (योगदान)
https://www.facebook.com/Yogdan-योग-दान: 100690698464754/

रहने एवं अध्ययन हेतु शांतिप्रिय आवास
IRA GIRLS HOSTEL FOR IGNITED BRAINS
ईरा गर्ल्स हॉस्टल
लड़कियां एवम् कार्यरत महिलाओं के लिये सुरक्षित आरमदायक, स्वच्छ एवम् अनुकूल छात्रावास
विभिन्न सुविधायें
प्रवेश प्रारम्भ
- सम्पूर्ण घरेलु सुविधाओं से युक्त आवास
- प्रत्येक कमरा खुला, हवादार एवम् प्रसाधन (लेट-बाथ) सहित
- सम्पूर्ण सुविधायुक्त कमरें बेडिंग एवं मिनरल वाटर सहित
- युक्त वाटर कुलर के पानी की व्यवस्था, कूलिंग सिस्टम सुविधा
- इनवर्टर सुविधा युक्त छात्रावास
- हर समय ताजा, शुद्ध, स्वादिष्ट एवं पौष्टिक घर जैसा खाना उपलब्ध
- सी.सी.टी.वी. कैमरें एवं बायोमेट्रिक सुविधा
- ए.सी. (ऐच्छिक), व कूलर युक्त कमरें
- छात्राओं की सुरक्षार्थ 24 घण्टे सिक्योरिटी स्टाफ
- शहर की हृदयस्थली के मनोहर वातावरण में स्थित
- रेलवे एवं बस स्टेण्ड से नजदीक
- सरल एवं सुलभ ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी
- अध्ययन हेतु शांत एवं स्वच्छ वातावरण
- लॉण्ड्री एवं प्रेस की सुविधा (ऐच्छिक)
- 24 घण्टे चिकित्सा सुविधा 50 मी. दूरी पर
- प्रत्येक तल पर प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध
- प्रत्येक रविवार को स्पेशल डाईट
- प्रत्येक बाथरूम गिजर से जुड़ा हुआ
- मनोरजन एवं ज्ञानार्जन हेतु टी.वी. केबल कनेक्शन सुविधा उपलब्ध
जेठमल सोनी (खजवाणिया)
30, मानजी का हत्था, बी.एस.एन.एल. ऑफिस के सामने पावटा, जोधपुर मो. 9462415333, 7222001234

RNI No. RAJHIN/2013/49136 Postal Regd. No. Jodhpur/378/2019-21 Posting Date Every Month 4/5 & 19/20



नूतन वर्ष की हार्दिक मंगलकामनाएँ

# श्री मैढ़ स्वर्णकार सन्देश



हिन्दी मासिक पत्रिका

RNI.NO.: RAJHIN/2014/54988


प्रधान सम्पादक: **रामरतन सोनी** प्रबंध सम्पादक: **चन्द्रप्रकाश सोनी** सम्पादक: **भावना सोनी** सह सम्पादक: **गौरव सोनी** सह सम्पादक: **जयकिशन सोनी**

ऑफिस:- अजमीढ़ मार्केट, श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज भवन, पुराना नगर निगम के पीछे, सोजती गेट के अन्दर, जोधपुर ( राज. ) पिन कोड 342001

निवास:- मनिहारों की हवेली के पास, भिश्तियों का बास, जोधपुर, मो. 9414133641 | E-mail.: swarnkarsandeshjdp@rediffmail.com


## BIO-DATA

**138 विश्वेश सोनी (मांगलिक)**



जन्म: 09.06.1994 स्थान: अलवर (राज.)
जन्म समय : 1.25 पीएम, शिक्षा: एमकॉम, कद:5.8, गौत्र: लावट, गाधोजिया (अलवर),
पिता: राजेश सोनी, माता : कुसुम सोनी
**भाई : वृतेश सोनी** (27.06.1995)
मो. नं.: 9414478384, 9116178794, पता: 616, हनवंत (A), गली नं. 8, पावटा सी रोड, जोधपुर (राज.)

**139 विशाल सोनी**



जन्म: 1मार्च 1996, जन्म समय:8:25 सुबह
जन्म स्थान: लाडनूं, जिला-नागौर
गौत्र : धुपड़, सारड़ीवाल, डांवर, कद : 6,
Education:B.Tech (Electrical) 2019, JK Laxmipat University, Jaipur
Job : Genus Power Infrastructure Ltd. Jaipur, दादाजी: श्री नोरतनमल सोनी, पिता: श्री राजेन्द्रकुमार सोनी, Director, Govt of India-ITS, mo. 63777722597

**140 Vishal Soni** 07-07-1994



Time & Place : 9:55 AM, Jodhpur, Gotra : Agroya, Soliwal, Heigt:6.1, Education : Bachelor of commerece and currently preparing for competitive exams,
Father :Special Assodicate in State Bank of india, Jodhpur (Raj.),
Brother - Postal Assistant in india Post.,
Contact No: Lal Chand Soni, 6350661307 (Father)

**141 Arti Soni** 15 jan.1997, Place: Phalodi,
Gotra: Mosun, Dewal, Educ.: M.Com., B.Ed
Father : Bhanwarlal Soni,Phalodi, 9414410507


**142 भानुप्रकाश सोनी** 21.04.1995



समय: 4:20 pm गौत्र: अग्रोया, जवड़ा
पिताजी: श्यामसुन्दरजी सोनी (सन्चा वाले)
न्यू परिहार नगर, भदवासिया, जोधपुर
मो. 7976954426

**143 Bharath Kumar Soni** 29.07.1996
B.O.P. : Bangalore, Height : 5.11, Edu.:B.Com , Gotra: Kandhla, Mosun. Business: Agriculture Motor starter and Panel, Manufactures.

**144 भरत खजवाणिया** 10.08.1992



समय:10:47रात्रि, कद: 5.4, शिक्षा: 10वीं
स्वर्णकारी कार्य, गौत्र: खजवाणियां, अग्रोया
पिताजी: रामनारायणजी खजवाणिया पता: मथानियां (जोधपुर) मो. 9829306792,

**145 ललित सोनी** जन्म: 09.05.1986



जन्म समय: 3.45 पीएम, शिक्षा: प्रथम वर्ष
गौत्र: कड़ेल, रूणवाल, पिता: स्व. गोपालजी सोनी, 22, घाणेराव की घाटी, सुभाष मार्ग, उदयपुर(राज.)9116924342, 9057589784


**146 Chandra shekhar Swarnkar**



12-12-1997, 5:10 AM, POB: shiwad, Height: 5.9, Edu.: M.Com., rscit, Tally Accounts Computer diploma, Gotra: Singoriya khatri, Thungar
Father: Purushottam lal swarnkar, Add:Harmada, Jaipur, 7597542425

## आगामी अंक विशेषांक होगा

**153 Sanjana Verma** (Manglik)




Birth: 9.01.1997, Time : 01:10 am
Jodhpur (Raj.), Height : 5.5,
Qualification : B.Tech (C.S.),
Job: Junior Engineer, (M/s Vishnu Prakash R Punglia LTD.),
Gotra : Aasat, Kadel, Paternal's Family , Grand Parents : Sh. Bhanwarlal Verma (A.R. Rajasthan Hight Court),
Perents : Sh. Kailash Verma (a.p.s. Phed Jodhpur),
Elder Brother: Abhishek Verma (INCOME TAX DEPT. (MUMBAI)
Residence: 4, Vijay Nagar, New Pali Road, Bhagat Ki Kothi, Jodhpur, Contact No.: 9828452530

**154 Sakshi Swankar** 24.1.1995



Place of birth : Neemuch (M.P.)
Height : 5.4, Educatin Qualification : B.Tech (ECE), LNMIIT Jaipur, Presently/
Father : Vijay Swarnkar (Additional SP Baran, Rajasthan),
Mother : Sandhya Swarnkar (2nd Grade Govt. Teacher), Brother : Tarsh Swarnkar (Stydying in Class 12th), Native Place: Mohangarh, Nathdwara (Raj.), Contact No.: 9166652529

**155 Nandkishore Soni** 28.7.1993



Hight: 5.9, Gautra : Kadel,
Education : B.A., Profession: Jewellery business , Father : Let. Shyam Soni, Mother : Sushila Soni 2/1726. Kudi bhagtasni housing bord, Jodhpur (Raj.) 8306055641

**156 Vikas Soni** 15.07.1999




Hight: 5.10, Gautra : Kadel, Profession: Jewellery business (Jewellery Showroom), Father : Let. Shyam Soni, Mother : Sushila Soni Address : 2/1726 Kudi bhagtasni, housing bord, Jodhpur 8306055641

**25 रविकुमार सोनी** जन्म :1985



शिक्षा: 11वीं, व्यवसाय : स्वर्णकार्य
गौत्र : सारड़ीवाल, देवाल, सोलीवाल
पिताजी : अशोककुमार सोनी
पता : भीनमाल जि.जालौर( राज.)
व नांदड़ी, जोधपुर, मो.: 9460017051

**26 जितेन्द्र कुमार सोनी** 1990,



शिक्षा : एम.कॉम, व्यवसाय: नग सेटिंग
गौत्र : सारड़ीवाल, देवाल, सोलीवाल
पिताजी : अशोककुमार सोनी
पता : भीनमाल जि.जालौर( राज.)
व नांदड़ी, जोधपुर, मो.: 9460017051

BIO-DATA

## Manal Soni



| | |
|---|---|
| DOB | : 21.12.1993 |
| Place of Birth | : Ajmer |
| Height | : 6'00" |
| Gotra | : Dewal, Tungar |
| Qualification/ | : B Tech (Mechanical Engineer) |
| Occupation | : Senior Engineer at Adani Power Rajasthan Ltd, Kawal Distt Baran, Raj. |
| Father | : Shalabh Soni (Radhey Shyam Soni) Businessman- Building Material Supplier |
| Address | : Govindam,A-46, Sagar Vihar Colony, Vaishali Nagar, Ajmer |
| Contact | : 9414006746, 9460242946 |

हार्दिक बधाई

## निकिता सोनी को गोल्ड मैडल



**बैंगलोर ।** श्री राजेन्द्र कुमार जी अग्रोया बैंगलोर निवासी की पुत्रवधु श्री उदित कुमार जी अग्रोया की पत्नी **श्रीमती निकिता सोनी** ने एस.डी.एस. कॉलेज ऑफ आर्ट एण्ड कॉमर्स हैदराबाद से एमबीए फाइनल के नतीजे में टॉपर रहने के स्थान हासिल किया है। इस उपलक्ष्य में कॉलेज की 'अग्रवाल शिक्षा समिति'' द्वारा स्वतन्त्रता दिवस के मौके पर श्रीमति निकिता सोनी को गोल्ड मैडल देकर सम्मानित किया गया। तदर्थ हार्दिक बधाई।

### सूचना:-बायोडाटा प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं।

**Free - रजिस्ट्रेशन**

विवाह योग्य युवक-युवतियों के बायोडाटा की जानकारी चाहने वाले समस्त स्वर्णकार बंधुओं से निवेदन है कि कृपया अपने बायोडाटा भेज सकते हैं, उसके अनुरूप आपको जानकारी दी जा सकती है।

**श्री मैढ़ स्वर्णकार संदेश जोधपुर 9414133641**

E-mail.: swarnkarsandeshjdp@rediffmail.com

**युवक/युवती के बायोडाटा प्रकाशित करना चाहते हैं, वो लिखकर सम्पादक के पते पर भेज दें।**
सं.- रामरतन सोनी: 09414133641 | swarnpratinidhi@gmail.com

### सदस्यगणों (ग्राहकों) के लिए सूचना

आपकी अपनी पत्रिका श्री मैढ़ स्वर्णकार संदेश के सभी सम्माननीय सदस्यगणों से निवेदन है कि दिसम्बर सन् 2018 के पहले बने श्री मैढ़ स्वर्णकार सन्देश के सभी सदस्यों का शुल्क पुरा हो गया है। कृपया निवेदन है कि अपना शुल्क (सहयोग राशि) जमा कराकर प्रकाशन में सहयोग करें।

**प्रधान सम्पादक: रामरतन सोनी, जोधपुर मो: 9414133641**

स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (SBI) में श्री मैढ़ स्वर्णकार सन्देश, जोधपुर के नाम से खाता संख्या **(A/C No. 34307035252 )** द्वारा किसी भी स्थान से State Bank of India में जमा करवाकर जमा पर्ची (रसीद) की फोटो कॉपी वाट्सएप या डाक द्वारा पूर्ण पते के साथ श्री मैढ़ स्वर्णकार सन्देश, जोधपुर कार्यालय पते पर भिजवा दें।

IFSC CODE No. SBIN0004913

### सूचना

प्रकाशनार्थ सामग्री डाक द्वारा या ई-मेल द्वारा ही भेजें,
**वाट्स एप** पर भेजी गई जानकारी का प्रकाशन सम्भव नहीं होगा।
-प्रबंधक : श्री मैढ़ स्वर्णकार सन्देश
ई.मेल-
swarnkarsandeshjdp@rediffmail.com

### पाठकों को सलाह

पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन (सामान्य/वैवाहिक) पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्चा करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार सम्बन्ध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण (वैवाहिकी हेतु स्टेट्स, उम्र एवं आय आदि) जानकारी कर लें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा जारी किए गए किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है।

**प्रबंध सम्पादक: चन्द्रप्रकाश सोनी**

विस्तृत बायोडाटा के लिए
**श्री मैढ़ स्वर्णकार सन्देश**
मासिक पत्रिका का अवलोकन करें।

स्वर्ण प्रतिनिधि के सदस्य बनने एवं प्रकाशनार्थ सामग्री भेजने हेतु
सम्पर्क : **09414133641**

कार्यालय : स्वर्ण प्रतिनिधि
प्रकाशक एवं सम्पादक
रामरतन सोनी
मनिहारों की हवेली के पास, भिश्तियों का बास, जोधपुर-
पिन कोड 342001 (राज.)
मो. 09414133641
email:-swarnpratinidhi@gmail.com
सभी प्रसंगों का न्याय क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

स्वर्ण प्रतिनिधि
पोस्ट बॉक्स नं. 99, एस.पी.ओ., स्टेशन रोड, जोधपुर-342001 ( राज. )

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक रामरतन सोनी द्वारा मनिहारों की हवेली के पास, भिश्तियों का बास, जोधपुर से प्रकाशित एवं भण्डारी ऑफसेट, J-352, मिनीग्रोथ सेण्टर, सांगरिया इण्डस्ट्रीयल एरिया, जोधपुर से मुद्रित, सम्पादक-रामरतन सोनी । मो.9414133641 email:-swarnpratinidhi@gmail.com